ओडिशा : कटक के बार से नकली शराब जब्त, 3 गिरफ्तार

सालिपुर (कटक) : ओडिशा आबकारी विभाग ने आज कटक जिले के एक स्थानीय बाजार में एक बार से भारी मात्रा में नकली शराब जब्त की। कटक आबकारी के 10 अधिकारियों की एक टीम ने कटक-केंद्रपाड़ा रोड पर निश्चिन्तकोइली बाजार में स्थित एसआर बार में छापा मारा और नकली शराब और बोतलबंद करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ढक्कन और स्टिकर जैसी अन्य सामग्री जब्त की।

आबकारी कर्मियों ने इस संबंध में तीन लोगों को हिरासत में लिया। गौरतलब है कि आबकारी विभाग पिछले महीने गंजम जिले में कम से कम पांच लोगों की जान लेने वाली शराब त्रासदी के मद्देनजर नकली शराब की अवैध बिक्री और निर्माण की जांच के लिए राज्य भर में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई कर रहा है।

Source: https://lalluram.com/spurious-liquor-seized-from-bar-in-cuttack-odisha-3-arrested/